रसद विभाग की कार्रवाई, बाड़े से 46 घरेलू सिलेंडर व रिफिलिंग मोटर जब्त

बीकानेर,(कासं)। घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक दुरूपयोग की रोकथाम के लिए जिला रसद विभाग द्वारा रविवार देर रात भी सघन प्रवर्तन कार्रवाई जारी रही। रविवार देर रात जिला रसद अधिकारी नरेश शर्मा सर्वोदय बस्ती पहुंचे। मुखबिर की सूचना पर एक संदिग्ध बाड़े का गेट खोलकर जांच की गई जहां से 38 घरेलू गैस सिलेंडर, गैस रिफिलिंग मोटर तथा तोलने का कांटा बरामद किया गया।

मौके पर पुलिस थाना मुक्ता प्रसाद के थाना प्रभारी एवं पुलिस टीम को बुलाकर आवश्यक कार्रवाई की गई। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि संभागीय आयुक्त एवं जिला कलेक्टर के निर्देशन में घरेलू गैस के व्यावसायिक दुरूपयोग की रोकथाम के लिए प्रवर्तन दल द्वारा लगातार देर रात तक कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में रात्रि के समय कलेक्ट्रेट के पीछे चाट, बर्गर, पावभाजी आदि की स्टालों तथा ढोला मारू के सामने संचालित चाट स्टालों पर घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरूपयोग पाए जाने पर विशेष गठित प्रवर्तन दल द्वारा मौके पर ही कार्रवाई की गई और 8 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। जिला रसद अधिकारी नरेश शर्मा ने बताया कि जिले में गैस वितरकों के पास घरेलू गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है तथा बुकिंग के दो दिन के भीतर रिफिल आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि घबराने की आवश्यकता नहीं है।

रसद विभाग की टीम ने सर्वोदय बस्ती में एक बाड़े से 38 घरेलू सिलेंडर, रिफिलिंग मोटर तथा तोलने का कांटा बरामद किया।

उन्होंने बताया कि गैस वितरकों की बुकिंग एवं वितरण व्यवस्था पर दिन के समय निगरानी रखी जा रही है। वहीं रात के समय घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरूपयोग पर सतत निगरानी रखते हुए सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

पंक्चर लगाने वाले के घर से मिले 16 सिलेंडर : श्रीगंगानगर रसद विभाग ने नेहरा नगर स्थित एक मकान में छापेमारी कर सिलेंडरों का अवैध भंडारण पकड़ा है। यह कार्रवाई देर शाम को मुखबिर की सूचना पर की गई। डीएसओ पूजा अग्रवाल तथा प्रवर्तन निरीक्षक धर्मपाल सहित पुलिस की टीम ने आरोपी विजय कुमार के घर पर दबिश दी।

आरोपी साइकिल पंक्चर लगाने की दुकान की आड़ में गैस की कालाबाजारी कर रहा था। उसके घर से गैस भरे हुए 12 घरेलू सिलेंडर, एक व्यावसायिक 19 किलोग्राम व 3 सिलेंडर 5 किलोग्राम व्यावसायिक गैस

- **कलेक्ट्रेट के पीछे चाट, बर्गर, पावभाजी आदि की स्टालों से भी 8 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए**

से भरे हुए पकड़े गए। आरोपी के घर से सिलेंडरों को जब्त करके मूमल गैस एजेंसी को सौंपे गए हैं। इस संबंध में रसद विभाग की ओर से आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा दो की अनुसूची तीन एवं एलपीजी अधिनियम 2000 की धारा 7 (बी)(सी) के तहत इस्तगासा अदालत में पेश किया जायेगा।

इस दौरान सदर थाना से ड्यूटी अधिकारी एएसआई सतवीर सिंह राठौड़ व कांस्टेबल संदीप कुमार आदि स्टाफ भी मौजूद था। इधर जिला रसद अधिकारी पूजा अग्रवाल ने बताया कि 15 मार्च को जिले में 9599 घरेलू और 1225 व्यावसायिक सिलेंडर मौजूद थे। 1768 घरेलू सिलेंडरों की होम डिलीवरी कर दी गई। इस बीच 5709 सिलेंडरों की नई सप्लाई हो गई। शाम को हमारे पास 13540 घरेलू सिलेंडर का स्टॉक मौजूद है।

बंदी ने मोबाइल फोन भट्टी में फेंका

हनुमानगढ़, (कासं)। जिला कारागार में पुलिस और प्रशासन ने संयुक्त सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान जेल परिसर से सात मोबाइल फोन बरामद किए गए। तलाशी अभियान के दौरान एक बंदी ने पुलिस को देखते ही अपना मोबाइल फोन जलती भट्टी में फेंकने का प्रयास किया।

पुलिस अधीक्षक अरविंद के नेतृत्व में यह अचानक सर्च ऑपरेशन चलाया गया। पुलिस और जेल प्रशासन की संयुक्त टीम ने बैरकों सहित अन्य सभी संदिग्ध स्थानों की गहन तलाशी ली। यह अभियान करीब एक घंटे तक चला। तलाशी के दौरान एक बंदी ने पुलिस टीम को देखते ही अपने पास मौजूद मोबाइल फोन को जलती हुई भट्टी में फेंकने की कोशिश की। हालांकि टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए स्थिति को संभाला। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि ये मोबाइल फोन जेल के अंदर कैसे पहुंचे और इनके उपयोग में कौन-कौन लोग शामिल थे। जंक्शन थाना प्रभारी रामचंद्र कस्वां ने बताया कि जेल से मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। एक बंदी ने उन्हें भट्टी में फेंकने का प्रयास किया था। संबंधित बंदी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि पिछले काफी समय से जेल में बंदियों के पास मोबाइल फोन होने की शिकायतें मिल रही थी।

सार-समाचार

डॉ. सत्यप्रकाश आचार्य का अभिनंदन

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति में 12 वीं बार मनोनयन पर शिक्षक समुदाय ने डॉ सत्यप्रकाश आचार्य का अभिनंदन किया।

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति में लगातार 12वीं बार सदस्य मनोनीत होने पर राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के पूर्व प्रदेश मंत्री और प्रदेश के वरिष्ठ शिक्षक नेता रहे डॉ. सत्यप्रकाश आचार्य का सोमवार को उनके निवास स्थान पर राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय बीकानेर इकाई द्वारा भावभीना स्वागत व अभिनंदन किया गया। डॉ. आचार्य के धोबी धोरा स्थित निवास पर आयोजित समारोह में संगठन के पदाधिकारियों ने उनकी सक्रियता, दीर्घकालिक सांगठनिक अनुभव और कुशल नेतृत्व क्षमता की सराहना करते हुए संगठन को उनके द्वारा लगातार प्राप्त सहयोग और सानिध्य हेतु आभार प्रकट किया। इस अवसर पर नरेन्द्र आचार्य, बबीता वर्मा, विकास पंवार, अनवर, मोहम्मद फैसल, सारिका शर्मा, अर्चना, भारती अनेजा, अशोक और मोहम्मद रमजान इत्यादि ने डॉ. आचार्य को साफा, शाल और दुपट्टा ओढ़ाकर एवं फूल मालाएं पहनाकर आत्मीय अभिनंदन किया। लगातार 12 वीं बार राजस्थान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति में स्थान मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मेरा ध्येय सदैव शिक्षक हितों की रक्षा और संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना रहा है।

आई.जी. का अभिनंदन किया

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर व्यापार उद्योग मण्डल के प्रतिनिधिमण्डल ने पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश का दुपट्टा पहनाकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर मण्डल पदाधिकारियों ने स्मृति चिन्ह् देकर उनका सम्मान किया तथा बीकानेर शहर में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं व्यापारियों की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। प्रतिनिधिमण्डल ने शहर के व्यापारिक क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था एवं व्यापारियों से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी पुलिस महानिरीक्षक से चर्चा की। इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश ने व्यापारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि शहर में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखना तथा व्यापारियों की समस्याओं का समाधान दप्राथमिकता से किया जायेगा। इस अवसर पर व्यापार उद्योग मण्डल के अध्यक्ष जुगल राठी, सचिव संजय जैन सांड, उपाध्यक्ष वेद प्रकाश अग्रवाल, प्रेमरतन जोशी , जनक प्रसाद हर्ष, हरिओम पुरोहित मण्डल के कई पदाधिकारी एवं व्यापारी प्रतिनिधि उपस्थित थे

गणगौर माता का बिंदोरा निकला

नापासर, (कासं।)। देशनोक रोड स्थित बसंत विहार कॉलोनी में महिलाओं और बालिकाओं ने गणगौर माता का बनोरा निकाला। इस दौरान पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ गणगौर महोत्सव मनाया गया। आयोजन में महिलाएं और बालिकाएं पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर समूह में एकत्रित हुई। उन्होंने विधि-विधान से गणगौर माता की पूजा-अर्चना की। बनोरे के दौरान गलियों में ईसर-गौर के पारंपरिक लोक गीतों की मधुर गूंज सुनाई दी। भक्ति में लीन महिलाएं 'ईसर जी थे गोरा बाई ने भेजो और तेल बल घी घाल घुंडलो घुमलो जी घूमलो' जैसे लोकगीत गा रही थी। इन पारंपरिक गीतों के माध्यम से क्षेत्र में राजस्थान की समृद्ध लोक संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिली।

कचरा उठाने वाली फर्म पर नगर निगम मेहरबान, दोगुनी दरों पर टेंडर

बीकानेर, (कासं)। शहर के 80 वार्डों से कचरा उठाने के लिए जो फर्म एक अक्टूबर 2023 से कचरा उठाने के लिए प्रति ट्रिप एक ड्राइवर और 3 श्रमिकों के साथ 995 रूपए में काम कर रही थी। उसी फर्म पर नगर निगम इतना मेहरबान हो रहा कि एक ड्राइवर और सिर्फ 2 श्रमिक होने पर भी प्रति ट्रिप 1809 रूपए का भुगतान करने की तैयारी है। हालांकि अभी नेगोशिएशन बाकी है मगर अगर निगम ने सहमति दी तो मौजूदा दरों से ठीक दोगुनी दरें भुगतान करनी होंगी।

जनता की गाढ़ी कमाई कैसे लूटी जाए इसका जीता-जागता नमूना नगर निगम के ट्रैक्टर टेंडर में सामने आया। फर्क इतना कि सरकारी कागजों में बस सहमति दिखा दी जाए। दरअसल 31 मार्च को मौजूदा फर्म का कार्यकाल पूरा हो रहा है। शहर के 80 वार्डों में कचरा उठाने के लिए 80 ट्रैक्टर काम कर रहे हैं। इसलिए निगम ने नए टेंडर के लिए 22 जनवरी को ही प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। 23 जनवरी से टेंडर अपलोड होने शुरू हो गए थे। 21 दिन बिड भरने के लिए और 13 फरवरी को

- **वही फर्म, शर्तें भी वही, पहले 995 रूपए में ट्रिप, अब 1809 में किया नया टेंडर**

बिड ओपन हो गई।

अब नेगोशिएशन और उसके बाद वर्क आर्डर जारी होना शेष है। मगर जो मौजूदा फर्म काम कर रही है उसी फर्म को वापस काम दिलाने के लिए निगम ने टेंडर तैयार करने के वक्त से ही बिसात बिछानी शुरू कर दी थी। शर्तों में इतना बड़ा बदलाव कर दिया था जिससे एक फर्म के अलावा दूसरा टेंडर भरने लायक ही ना रहे। निगम आयुक्त और निगम प्रशासक दोनों आईएएस होने के बाद भी निगम में जो रहा था उसे चलने दिया। नतीजा अब सामने है। क्योंकि ये पैसा निगम का नहीं बल्कि आम जनता की कमाई से अलग-अलग मदों में दिया गया टैक्स है और निगम उसे दोनों हाथों से लुटाने में जुट गया है।

2023 में जब प्रति ट्रिप ट्रैक्टर के 995 रूपए दिए तब डीजल 90 से 93 रूपए प्रति लीटर था। इस वक्त बीकानेर में डीजल 91.72 रूपए लीटर है। यानी डीजल के दाम तो स्थिर हैं। लेबर को ज्यादा दाम देने से रहे। आखिर दोगुनी कीमतें किस आधार पर भरी गई। इसका जवाब निगम को तलाशना होगा। दरें बढ़ाने के लिए कितनी तकरीबें काम करती हैं ये भी इस टेंडर में देखने को मिला। ट्रैक्टर टेंडर में दो फर्मों न` टेंडर डाला। एक फर्म ने 1809 और दूसरी ने 1850 रूपए के आसपास। यानी मौजूदा जिस 995 रूपए प्रति ट्रिप पर काम कर रहे उसके आसपास दोनों नहीं आये। ट्रैक्टर टेंडर में मौजूदा दरों से दोगुनी दरों का जिम्मेवार सीधे तौर पर नगर निगम है।

नेहा गुप्ता, एक्सईएन मैकेनिकल नगर निगम बीकानेर का कहना है कि अभी नेगोशिएशन बाकी है। इसका निर्णय अकाउंट वालों को करना है। दरें तो सुनने में ज्यादा लग ही रही है। हर किसी को लगेगी। अब नेगोशिएशन के बाद दरें ठीक हुई तो वर्क आर्डर होगा वरना टेंडर निरस्त करके री-टेंडर होगा।

करंट से पांच गायों की मौत

श्रीगंगानगर, (कासं)। बिजली के तार की चपेट में आने से पांच गायों की मौत हो गई। हादसे के बाद लोगों में आक्रोश फैल गया और मुआवजा देने की मांग की।

हादसा सोमवार 10 बजे पदमपुर रोड की है। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। इसके बाद डिस्कॉम और पुलिस को सूचना देकर आस-पास इलाके की बिजली सप्लाई बंद करवाई। घटना की सूचना मिलने पर आईपीएस विशाल जांगिड़ व कोतवाली थाना प्रभारी पृथ्वीपाल सिंह मौके पर पहुंचे। सुबह लोगों ने जस्सा सिंह मार्ग से गुजरने वाले लोगों ने कुछ गायों को सड़क पर मृत अवस्था में देखा। पास ही लगे बिजली के पोल से तार टूटकर नीचे लटक रहे थे। देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। लोग आक्रोशित हो गए।

प्रशासन और बिजली विभाग के अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने भीड़ को शांत कराया और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। आक्रोशित लोगों ने बिजली विभाग से मुआवजे की मांग की और लापरवाही का आरोप लगाया। सभी गाय पास ही स्थित गांव मौजपुर के एक किसान की बताई जा रही है।

ट्रक ने टक्कर मारी, चालक सहित दो की मौत

नापासर, (कासं)। नापासर थाना क्षेत्र में भारत माला सड़क पर सोमवार तड़के सड़क हादसे में ट्रक चालक सहित दो लोगों की मौत हो गई।

यह घटना सुबह करीब 3 से 4 बजे के बीच हुई। जब लूणकरनसर की ओर जा रहा एक ट्रक अपने आगे चल रहे अज्ञात वाहन से पीछे से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक का केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार दोनों व्यक्ति अंदर फंस गए। नापासर थानाधिकारी सुषमा शेखावत ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही एएसआई कविन्द्र कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद ट्रक के क्षतिग्रस्त केबिन में फंसे दोनों व्यक्तियों को बाहर निकाला। तब तक उनकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। इस हादसे के कारण भारत माला सड़क पर कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ, जिसे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सामान्य करवाया।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि संभवया ट्रक चालक को नींद की झपकी आने के कारण यह हादसा

- **लूणकरनसर की ओर जा रहा एक ट्रक आगे चल रहे वाहन से पीछे से टकरा गया**
- **नींद की झपकी बनी हादसे का कारण, ट्रक चालक की मौत**

हुआ। ट्रक आगे चल रहे अज्ञात वाहन से पीछे से टकरा गया था। पुलिस ने दोनों शवों को बीकानेर की मोर्चरी में रखवा दिया है और उनके परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस का कहना है कि मृतकों की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष के बीच है। एक मृतक की पहचान अरवेश पुत्र विष्णुदयाल (32) निवासी लरखोर, इटावा (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है, जो वर्तमान में जोधपुर में रह रहा था। दूसरे मृतक की पहचान की प्रक्रिया अभी जारी है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की जायेगी।

श्रीगंगानगर में बारिश के बाद फिर ठंड बढ़ी

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले में हुई बारिश के बाद मौसम बदल गया है और सुबह-शाम ठंड का अहसास हो रहा है। सोमवार सुबह से ही ठंडी हवाएं चली रही हैं, जिससे ठिठुरन बढ़ गई है।

मार्च के महीने में लोग आज सुबह गर्म कपड़ों में दिखाई दिए। मौसम भी लगातार सुहाना बना हुआ है। इस बीच बादलों की आवाजाही का दौर भी जारी है। मौसम ठंडा रहने से दिन के तापमान में 6.5 डिग्री की गिरावट आई है। मौसम विभाग के अनुसार 18 से 21 मार्च के बीच उत्तरी हिस्सों में फिर से तेज आंधी और बारिश की संभावना है। मौसम में राडार स्टेशन, श्रीगंगानगर पर सोमवार सुबह न्यूनतम तापमान 14.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। रविवार को न्यूनतम तापमान 20.9 डिग्री और अधिकतम तापमान 32.0 डिग्री रिकॉर्ड किया

- **तापमान 6.5 डिग्री गिरा, 18 से 21 मार्च को आंधी-बारिश की संभावना**

गया।

वहीं शनिवार को यहां न्यूनतम तापमान 18.7 डिग्री और अधिकतम तापमान 33.9 डिग्री रिकार्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार 18 से 21 मार्च के बीच एक नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होगा, जिससे उत्तरी हिस्सों में फिर से तेज आंधी और बारिश की संभावना है। वहीं मौसम में ठंडक होने से फसलों को भी फायदा है। हालांकि तेज हवाओं से खड़ी फसल गिरने से नुकसान की संभावना भी बनी रहती है।

विक्रम बिस्सा ने जीता वेटलिफ्टिंग में कांस्य पदक

बीकानेर, (कासं)। हरियाणा के लोहारू में आयोजित नेशनल वेटलिफ्टिंग में बीकानेर के खिलाड़ी विक्रम बिस्सा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया।

52 वर्ष की आयु में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में पदक जीतकर उन्होंने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में देशभर से आये खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जिसमें विक्रम बिस्सा ने अपने अनुभव और मेहनत के दम पर बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने आयु वर्ग में दमदार लिफ्ट लगाते हुए निर्णायकों और दर्शकों को प्रभावित किया और कांस्य पदक अपने नाम किया। बिस्सा की इस उपलब्धि के बाद खेल प्रेमियों और परिचितों में खुशी का माहौल है। उनकी सफलता पर खेल जगत से जुड़े लोगों ने बधाई दी।

ईरान युद्ध से डामर की कीमतों में भारी इजाफा, सड़क निर्माण ठप

बीकानेर, (कासं)। अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित होने से बिटुमिन (डामर) की कीमतों में भारी उछाल आया है। इन 13 दिनों में कीमतों में 13 हजार से लेकर 19 हजार रूपए प्रति टन इजाफा हुआ है। इससे सड़क निर्माण परियोजनाओं को बड़ा झटका लगा है। शहर में 30 करोड़ के काम लगभग ठप हो गए हैं।

अमेरिका-ईरान युद्ध का असर बिटुमिन पर भी पड़ा है। जिले में डामर के तीन प्लांट हैं, जहां हर महीने 500 से 600 टन बिटुमिन की सप्लाई युद्ध से पहले हो रही थी, जो घटकर 200 से 250 टन रह गई है। बिटुमिन के सप्लायरों ने कुछ दिन पहले टैंकर मंगवाए थे, जो बिक गए। अब प्लांट पर स्टॉक मुश्किल से 20 से 30 टन ही बताया जा रहा है। शहर में इन दिनों पूर्व और पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में सड़कों के 15-15 यानी कुल 30 करोड़ के काम चल रहे हैं। डामर की किल्लत से इन

- **डामर की कीमतों में 13 से 19 हजार रूपए प्रति टन तक इजाफा हुआ है**
- **सड़क निर्माण परियोजनाओं को बड़ा झटका लगा**

कामों को झटका लगा है। सभी काम एक बारगी थम गए हैं। वही ठेकेदार काम कर रहा है, जिसके पास थोड़ा बहुत स्टॉक पड़ा है। बता दें बीकानेर में पानीपत और भटिंडा रिफाइनरी से बिटुमिन मंगवाया जाता है। वहां भी माल नहीं होने से टैंकर खड़े बताए जा रहे हैं।

पहले 47 हजार टन मिल रहा था बिटुमिन, अब कीमत 60 हजार से अधिक है। अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण बिटुमिन की कीमतों में 19 हजार रूपए प्रति टन तक की वृद्धि बताई जा रही है। अग्रवाल कंस्ट्रक्शन के प्रवीण अग्रवाल का कहना है कि युद्ध से पहले 47 हजार रूपए टन बिटुमिन मिल रहा था, जो अब बढ़कर 60 से 66 हजार रूपए टन तक पहुंच गया है। महंगा होने के कारण अधिकांश ठेकेदारों ने हाथ खींच लिए हैं। कीमतों में उछाल के कारण ठेकेदार डामर नहीं खरीद रहे। इस वजह से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत का काम भी ठप हो गया है। दरअसल सड़कों का काम 30 प्रतिशत बिलो रेट पर गया हुआ है। ऐसे में महंगा डामर खरीदना ठेकेदारों के लिए घाटे का सौदा साबित होगा। इसलिए फिलहाल उन्होंने भी काम धीमा कर दिया है। सड़कों पर ब्लास्ट और मुड का मिश्रण लेपकर छोड़ा जा रहा है।

सुदर्शनानगर, गंगाशहर सहित पूर्व और पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में ऐसे काफी इलाके हैं, जहां कच्ची सड़कें बनाकर छोड़ दी गई हैं। अब वहां पत्थर निकलने लगे हैं।

दो बेटियों को केक कटवाकर व उनकी माताओं को चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया

बीकानेर, (कासं)। जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग के सौजन्य से सोमवार को बीकानेर ग्रामीण ब्लॉक में 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक तथा महिला समाधान समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बेटी जन्मोत्सव एवं एकल बेटी सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी महिमा कसाना द्वारा दो बेटियों सारा और पल्लवी का केक कटवाकर उनका सम्मान किया गया। उन्हें स्कूल बैग और पानी की बोतल भेंट की गई तथा उनकी माताओं को चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी कसाना ने कहा कि बेटियां किसी भी स्तर पर बेटों से कम नहीं हैं। समानता और महिला सशक्तिकरण के लिए आवश्यक है कि बेटियों को शिक्षित करने के साथ-साथ उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाने की दिशा

'बेटी बचाओ- बेटी पढाओ' ब्लॉक स्तरीय बैठक में बेटी जन्मोत्सव समारोह में उपखंड अधिकारी महिमा कसाना द्वारा दो बेटियों सारा और पल्लवी को केक कटवाकर सम्मानित किया।

में भी प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि बेटियों को कौशल और हुनर सीखकर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में बीकानेर ग्रामीण की विकास अधिकारी साजिया तबस्सुम ने बेटियों के पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता के विषय में प्रेरक उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि पोषण केवल महंगी वस्तुओं से ही नहीं मिलता बल्कि घर में उपलब्ध दालों और मसालों से भी पोषक तत्वों से भरपूर भोज्न तैयार किया जा सकता है। इस दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी नवरंग मेघवाल ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं को एनीमिया जैसी समस्याओं से बचने के लिए पोषक तत्वों से भरपूर आहार लेना चाहिए और बेटियों को भी पूर्ण शिक्षा देकर सशक्त बनाना आवश्यक है। बैठक में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामकुमार सीलू, डॉ. सुनील जैन और पीयूष चौधरी ने शिक्षा, स्वास्थ्य तथा मुख्यमंत्री विश्वकर्मा योजना के बारे में जानकारी दी।कार्यक्रम के दौरान आयोजित एकल बेटी सम्मान समारोह में पुत्री तरूणा एवं उनकी माता राधा को चुनरी, दुशाला, नारियल और लंच बॉक्स देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के अंत में प्रचेता विजयलक्ष्मी जोशी ने धन्यवाद ज्ञापित किया तथा कार्यक्रम का सफल संचालन पर्यवेक्षक सुनीता गौड़ ने किया।

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जारी

श्रीगंगानगर, (कासं)। नगर परिषद के अस्थायी सफाई श्रमिकों की हड़ताल सोमवार को छठे दिन भी जारी रही।

बकाया मानदेय के भुगतान की मांग को लेकर श्रमिकों ने जिला कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के पदाधिकारियों ने बताया कि श्रमिक कई दिनों से बकाया मानदेय के भुगतान की मांग को लेकर हड़ताल पर हैं। सोमवार को बड़ी संख्या में श्रमिक कलेक्ट्रेट पहुंचे और अपनी मांगों को लेकर विरोध जताया।

हड़ताल में ऑटो टिपर ड्राइवर, ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक और उनके हेल्पर भी शामिल हो गए हैं। इसके कारण शहर में घर-घर कचरा संग्रहण पूरी तरह बंद हो गया है। स्थिति यह है कि कई इलाकों में कचरे के ढेर लग गए हैं और कचरा पात्र ओवरलोड होकर सड़क तक फैलने लगे हैं।

मुख्य बाजारों, पार्कों और अस्थायी डंपिंग प्वाइंट्स पर कचरा जमा होने से सड़ांध फैलने लगी है। इससे राहगीरों और आसपास रहने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही है। कई जगह दुर्गंध इतनी तेज है कि वहां रुकना भी मुश्किल हो गया है। यूनियन नेताओं का कहना है कि प्रशासन कई बार भुगतान का आश्वासन दे चुका है, लेकिन अभी तक बकाया राशि नहीं मिली है।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्र. :- नियमन/2026/5218 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 12.03.2026
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुरेन्द्र चौधरी पुत्र श्री राम चंद चौधरी निवासी म.नं. 253 मुकर्जी नगर, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 2 एमएल मुरब्बा नं. 52 के किला नं. 21 में माप 30 इंटू 60 फीट भू.सं. एसआर-10, रिद्धी-सिद्धि एन्कलेव, श्रीगंगानगर	उक्त भूखंड का आवासीय पट्टा सं. 6980 दिनांक 13.5.2009 को श्री विरेन्द्र सिंह पुत्र श्री सोहन सिंह के नाम से जारी है।	श्री सुरेन्द्र चौधरी द्वारा पंजीकृत बैयनामा दिनांक 21.11.2025 की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखंड के नामांतरण बाबत न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री सुरेन्द्र चौधरी पुत्र श्री राम चंद चौधरी निवासी म.नं. 253 मुकर्जी नगर, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पूरा दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उज्र/ दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमख्वास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियादं प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उज्र स्वीकार नहीं होगा।
आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/1370 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक : नियोजन / 2026/ **विज्ञप्ति** दिनांक : 12-3-2026
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चक 16 एमएल मुरब्बा नं. 15 किला नं. 23 के भूखण्ड संख्या B-16 क्षेत्रफल 20'-0"x57-6" Feet का आवासीय फ्री होल्ड पट्टा संख्या 29770 दिनांक 13.08.2025 द्वारा श्री नितिन कुमार पुत्र श्री श्यामलाल निवासी आरजी-08, सिद्धि सिद्धि प्रथम, श्रीगंगानगर के नाम से जारी है। आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड का आवासीय से मिश्रित (वाणिज्यिक) प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन किया है। श्रीगंगानगर मास्टर प्लान वर्ष 2017-2035 अनुसार एवं जोनल प्लान अनुसार प्रस्तुगत क्षेत्र का भू-उपयोग मिश्रित हेतु आरक्षित है। राजस्थान सरकार नगरीय विकास एवं आवीसन विभाग जयपुर द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन नियम, 2010, अधिसूचना दिनांक 28.10.2010, दिनांक 24.02.2021, दिनांक 06.11.2024 एवं अधिसूचना दिनांक 14.10.2024 द्वारा जारी विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधिया (Development Promotion & Control Regulations) के अनुसार पृष्ठ /लीजडीड में उल्लेखित उपयोग से चाहा गया परिवर्तित उपयोग दोनों ही मास्टर प्लान/जोनल डेवलपमेंट प्लान के भू-उपयोग में (DPCR) के अनुसार अनुज्ञेय (परमिटेड) उपयोग में आने एवं तकनीकी मापदण्ड पूर्ण होने के कारण विभागीय अधिसूचनाओं के तहत भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही न्यास कार्यालय में विचाराधीन है। उपरोक्त वर्णित भूखण्ड संख्या B-16 क्षेत्रफल 20'-0"X57-6" Feet का आवासीय रूपान्तरित से मिश्रित (वाणिज्यिक) प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। 15 दिवस के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा। RajKaj Ref No.: 20959176 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक : नियोजन / 2026/ **विज्ञप्ति** दिनांक : 12-3-2026
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चक 16 एमएल मुरब्बा नं. 15 किला नं. 23 के भूखण्ड संख्या B-12 क्षेत्रफल 20'-0"x57-6" Feet का आवासीय फ्री होल्ड पट्टा संख्या 31009 दिनांक 11.11.2025 द्वारा श्री नितिन कुमार पुत्र श्री श्यामलाल निवासी आरजी-08, सिद्धि सिद्धि प्रथम, श्रीगंगानगर के नाम से जारी है। आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड का आवासीय से मिश्रित (वाणिज्यिक) प्र